शिव स्तुति:

धन्य धन्य भोलानाथ बाँट दिए तीनो लोक पल भर में।
ऐसो दीन दयाल मेरे शम्भू भरो खजाना पलभर में ॥

प्रथम वेद तो ब्रह्मा को दे दिया बने वेद के अधिकारी ।
विष्णु को दिया चक्र सुदर्शन लक्ष्मी सी सुन्दर नारी ॥

इन्द्र को दिया कामधेनु और ऐरावत सा बलकारी ।
कुबेर को कर दिया आपने सारी सम्पत्ति का अधिकारी ॥

अपने पास पात्र नहीं रखा, मग्न रहे बाघाम्बर में ।
ऐसे दीनदयाल मेरे शम्भू भरो खजाना पल भर में ॥

अमृत तो देवताओं को दे दिया, आप हलाहल पान किया ।
ब्रह्म ज्ञान दे दिया उसी को, जिसने शिव तेरा ध्यान किया ॥

भागीरथ को दे दी गंगा, सब जग ने स्नान किया।
बड़े-बड़े पापियों को तारा, पलभर में कल्याण किया ॥

आप नशे में मस्त रहो, पियो भंग नित खप्पर में।
ऐसे दीन दयाल मेरे शम्भु, भरो खजाना पल भर में ॥

लंका तो रावण को दी, बीस भुजा दस शीश दिए ।
रामचन्द्र को धनुष बाण और हनुमत को जगदीश दिये॥

मनमोहन को दे दी मोहनी, और मुकुट बख्शीश दिए ।
मुक्त हुए काशी के वासी, भक्ति में जगदीश दिए ॥

वीणा तो नारद को दे दी, हरि भजन को राग दिया।
ब्राह्मण को कर्मकाण्ड और सन्यासी को त्याग दिया ॥

जिस पर तुमरी कृपा भई, उसी को अनगन राग दिया।
जिसने ध्याया उसी ने पाया महादेव तेरे वर में ।

https://mkitaab.com/

Shiv Stuti:

Dhanya dhanya Bholanath, baant diye teeno lok pal bhar mein.
Aiso deen dayal mere Shambhu, bharo khajana pal bhar mein.

Pratham ved to Brahma ko de diya, bane ved ke adhikari.
Vishnu ko diya chakra Sudarshan, Lakshmi si sundar nari.

Indra ko diya Kamdhenu aur Airavat sa balaakari.
Kuber ko kar diya aapne saari sampatti ka adhikari.

Apne paas patra nahin rakha, magn rahe Baghambhar mein.
Aise deendayal mere Shambhu, bharo khajana pal bhar mein.

Amrit to devtaon ko de diya, aap halaahal paan kiya.
Brahmgyan de diya usi ko, jisne Shiv tera dhyaan kiya.

Bhagirath ko de di Ganga, sab jag ne snan kiya.
Bade-bade paapiyon ko taara, pal bhar mein kalyan kiya.

Aap nashe mein mast raho, piyo bhang nit khappar mein.
Aise deendayal mere Shambhu, bharo khajana pal bhar mein.

Lanka to Ravan ko di, bees bhujaa das shish diye.
Ramchandra ko dhanush baan aur Hanumat ko Jagdish diye.

Manmohan ko de di Mohini, aur mukut bakshish diye.
Mukt hue Kashi ke vaasi, bhakti mein Jagdish diye.

Veena to Narad ko de di, Hari bhajan ko raag diya.
Brahman ko karmakand aur sanyasi ko tyag diya.

Jis par tumhari kripa bhai, usi ko anagan raag diya.
Jisne dhyaya usi ne paya Mahadev tere var mein.

mKitaab